रूप से निर्धारित किया जाएगा। यह सूत्र पिछले वर्ष के दौरान परिवार नियोजन से सम्बन्धित कार्य के आधार पर 1977-78 से प्रभावी है।

2. अब तक राज्यवार दी गयी केन्द्रीय सहायता की रकम का ब्यौरा सभा-पटल पर रखे गए विवरण-पत्र में दे दिया गया है।

विवरण

पांचवी पंचवर्षीय आयोजना

	(करोड़ रुपयों में) 14-6-77 तक राज्यों को दी गई केन्द्रीय सहायता
1. आन्ध्र प्रदेश	256.39
2. असम	161.91
3. बिहार	304.71
4. गुजरात	162.46
5. हरियाणा	76.16
6. हिमाचल प्रदेश	78.73
7. जम्मू और काश्मीर	286.20
8. कर्नाटक	158.87
9. केरल	142.20
10. मध्य प्रदेश	221.81
11. महाराष्ट्र	192.70
12. मणिपुर	38.18
13. मेघालय	37.56
14. नागालैण्ड	35.83
15. उड़ीसा	173.06
16. पंजाब	81.20
17. राजस्थान	190.10
18. सिक्किम	21.93
19. तमिलनाडु	214.08
20. त्रिपुरा	34.07
21. उत्तर प्रदेश	550.00
22. पश्चिम बंगाल	171.79
जोड़ सभी राज्य	3589.94

जयगढ़ किले में खुदाई कार्यों पर हुआ व्यय

783. **श्री नाथू सिंह :** क्या वित्त तथा **राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में जयगढ़ किले में किये गये खुदाई कार्यों के दौरान कोई खजाना मिला था ; और

(ख) उस खुदाई कार्य पर कुल कितना खर्च हुआ ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) जी, नहीं।

(ख) अपेक्षित सूचना इकट्ठी की जा रही है और उसे सदन-पटल पर रख दिया जाएगा।